**COLLEGE OF AGRICULTURE, FATEHPUR-SHEKHAWATI**
**SIKAR-332301, RAJASTHAN**
(*Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner*)
कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर–शेखावाटी, सीकर– 332301,राजस्थान
(*श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर*)

**Dr. Sanjay Kr Attar**
**DEAN**

+91-9461930049
dean.coafatehpur@sknau.ac.in


No.F. ( )/Store Estate/COA/FTR/2025/2342 Dated 28.10.2025

## सीमित निविदा

कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर –शेखावाटी में महाविद्यालय के समस्त कार्यालय भवन व छात्रावासों (छात्र हॉस्टल, छात्रा हॉस्टल, क्वार्टस एवं अधिष्ठाता आवास) में दिन व रात के समय बिजली व पानी की व्यवस्था का कार्य करवाने के लिए सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा को www.sppp.rajasthan.gov.in , विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.sknau.ac.in तथा महाविद्यालय कार्यालय से दिनांक 29.10.2025 से 06.11.2025 को प्रात 11.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

इच्छुक फर्म/ठेकेदार अपनी निविदा दिनांक 06.11.2025 प्रात : 11.30 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करा सकते है। निविदा उसी दिन दोपहर 02.00 बजे क्रय–विक्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

निविदा की अनुमानित लागत रू. 1.95 लाख (एक लाख पंचानवे हजार मात्र) है, अवधि एक वर्ष या अनुमानित लागत से कम होगी।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान वित नियंत्रक महोदय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर
2. श्रीमान् प्रभारी, सिमका, को भेजकर लेख है कि उपरोक्त निविदा को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें।
3. श्रीमान् संयोजक/सदस्य, निविदा कमेटी, कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर–शेखावाटी।
4. श्रीमान् आहरण एवं वितरण अधिकारी/कैशियर, लेखा शाखा, कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर–शेखावाटी।

अधिष्ठाता

**COLLEGE OF AGRICULTURE, FATEHPUR-SHEKHAWATI**
**SIKAR-332301, RAJASTHAN**
*(Sri Karan Narendra Agriculture University, Jobner)*
कृषि महाविद्यालय, फतेहपुर–शेखावाटी, सीकर– 332301,राजस्थान
*(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)*

**Dr. Sanjay Kr Attar**
**DEAN**

+91-9461930049
dean.coafatehpur@sknau.ac.in

## निविदा की शर्ते :–

1. निविदा की अनुमानित लागत रू. 1.95 लाख (एक लाख पंचानवे हजार मात्र) है।
2. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र फीस रू 500 जमा करानी होगी।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करानी होगी।
4. निविदादाता को निविदा छूटने के पश्चात अनुमानित लागत की 5 प्रतिशत (10,000 रू) बतौर धरोहर राशि का डीडी/चैक/नगद "अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय फतेहपुर" के नाम से जमा करवानी अनिवार्य होगी।
5. समस्त भवनों में रखे व लगे हुए बिजली व पानी के सामान की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
6. समस्त भवनों की बिजली व पानी का कार्य समय पर संतोषप्रद व जिम्मेदारी पूर्वक करना होगा।
7. 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को निविदा कार्य पर लगाने का अधिकार नही होगा।
8. निविदादाता द्वारा बिल प्रति माह देना होगा, ताकि भुगतान की व्यवस्था की जा सके।
9. निविदा की दर प्रति माह के हिसाब से परिशिष्ट संख्या 1 में देनी होगी।
10. निविदा में वर्णित कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्यों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।
11. कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाये जाने पर निविदा तुरंत प्रभाव से निरस्त कर दी जावेगी व धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।
12. बिजली का कार्य सावधानी पूर्वक करना होगा। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर उसकी जिम्मेदारी फर्म/निविदादाता स्वयं की होगी।
13. निविदादाता को किसी प्रतिष्ठित सरकारी/अर्द्धसरकारी/निजी कार्यालय/कम्पनी के कैटेगरी से सम्बन्धित विद्युत कार्य का सन्तोषप्रद अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।
14. निविदादाता जिस भी व्यक्ति को कार्य पर रखेगें उसका बिजली कार्य करने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।
15. फर्म/निविदादाता का जी.एस.टी. प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। साथ ही पेन कार्ड, आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि सलंग्न करनी होगी। निविदादाता द्वारा दो अलग–अलग लिफाफे जिसमें प्रथम लिफाफा (तकनीकी) में फार्म फीस, डीडी व अन्य दस्तावेज तथा द्वितीय लिफाफे (वित्तिय) में वित्तिय प्रपत्र देना होगा।
16. निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार निविदा समिति के पास होगा।
17. न्यूनतम दर निविदादाता को रू. 100/– के नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र का अनुबन्ध पत्र देना होगा।

अधिष्ठाता

परिशिष्ट संख्या 1

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | मासिक दर रूपये में (GST सहित) |
|---|---|---|
| 1. | बिजली व पानी की व्यवस्था का कार्य | |

फर्म/निविदादाता के हस्ताक्षर
मय पता व मोबाइल नम्बर